जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म0प्र0)

पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा सत्र 2013–2014 के सम्बंध में आवश्यक निर्देश

1. पीएच0डी0 की सीटों की संख्या संबंधी जानकारी। (विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।)
2. प्रवेश परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के आधार पर होगी। प्रश्नपत्र में 60 अंको के 20 लघु उत्तरीय प्रश्न एवं 40 अंकों के 40 वस्तुनिष्ट प्रश्न पूछे जायेंगे।
3. सम्बंधित विषय पर स्नातकोत्तर स्तर के आधारभूत प्रश्नपत्रों के आधार पर तैयार पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछे जायेंगे। (पाठ्यक्रम वेबसाइट पर उपलब्ध है)
4. आरक्षण का लाभ मध्यप्रदेश के मूलनिवासी को ही प्राप्त होगा।
5. विभागीय शोध साक्षात्कार समिति शोध अभिरुचि/शोध क्षेत्र एवं प्रस्तावित शोध विषय पर अभ्यर्थी से चर्चा करेगी, समिति अभ्यर्थी की शोध संभावनाओं का परीक्षण करेगी। अभ्यर्थी को इस समब्ध में यथोचित तैयारी कर एवं उपयुक्त प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।
6. नेट/एम0पी0 स्लेट/गेट/टीचर फैलोशिप/यू.जी.सी./सी.एस.आई.आर (जे.आर.एफ.) एवं प्रवेश परीक्षा से उत्तीर्ण एम.फिल. उपाधि धारक अभ्यर्थी को बिना प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण किये साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा।
7. साक्षात्कार के समय चरित्र प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। राज्य के बाहर के विद्यार्थियों को प्रवेश के पूर्व विभागाध्यक्षों द्वारा सम्बंधित राज्यों एवं स्थानीय थानों के माध्यम से पुलिस सत्यापन कराना अनिवार्य है।
8. प्रवेश के समय छात्र को इस पाठ्यक्रम को पूर्ण कालिन छात्र के रुप में पूर्ण करने का शपथ पत्र देना होगा। सेवारत अभ्यर्थी को अपने संस्थान का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। चयनित अभ्यर्थी को पीएच.डी. पाठ्यक्रम हेतु छः माह का कोर्सवर्क पूर्ण करना होगा।
9. प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने से ही छात्र साक्षात्कार हेतु अर्ह नहीं माना जायेगा। उपलब्ध सीटों के आधार पर ही साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा

कुलसचिव

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म0प्र0)

क्रमांक जीविवि / अकादमी / 2014 / 1939 दिनांक 20/01/2014

संशोधित अधिसूचना

पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा–2014

पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा–2014 हेतु पूर्व में जारी विज्ञापन क्रमांक जीविवि / अकादमी / 2013 / 1731 दिनांक 18 / 12 / 2013 में दर्शित आवेदन करने की अंतिम तिथि को संशोधित करते हुए विना विलंब शुल्क के 31 जनवरी 2014 तथा विलंब शुल्क सहित 05 फरवरी 2014 की जाती है।

पीएच.डी. पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा–2014 का आवेदन पत्र एम.पी. ऑनलाईन की वेबसाइट www.mponline.gov.in पर उपलब्ध है। पात्र आवेदक एम.पी. ऑनलाईन के कियोस्क पर शुल्क जमा कर आवेदन कर सकते है। आवेदन करने की शेष शर्ते एवं जानकारी यथावत है।

आवेदन केवल एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से ही स्वीकार किया जावेगा।

पीएच.डी. के विषय –	हिन्दी, अंग्रेजी, दर्शनशास्त्र, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, भूगोल, समाज शास्त्र, गणित, विधि (लॉ), वनस्पति विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, प्राणिकी, प्रबंध, वाणिज्य, शिक्षा, जैव रसायन, जैव तकनीकि, रसायन, कम्प्यूटर विज्ञान, भूविज्ञान, चित्रकला, संस्कृत, भौतिक विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, न्यूरो साइंस, सैन्य विज्ञान, मनोविज्ञान, पुस्तकालय विज्ञान, गृह विज्ञान, पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध, माइक्रो बायोलॉजी, चिकित्सा, संगीत, मेडिकल बायोकेमिस्ट्री।
पात्रता–	सम्बंधित विषय के स्नातकोत्तर उपाधि में न्यूनतम 55% अंक (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति, शारीरिक अक्षम अभ्यर्थी के लिये 50% अंक।
आवेदन शुल्क–	पीएच.डी. आवेदन एवं प्रवेश परीक्षा शुल्क रु. 1100 / – नेट / गेट / स्लेट / शिक्षक अध्येता / एम.फिल. (प्रवेश परीक्षा द्वारा) वाले अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा से मुक्त रहेंगे, उन्हें आवेदन शुल्क रु. 500 / – देय होगा।
प्रवेश परीक्षा दिनांक –	15 / 02 / 2014 प्रातः 11:00 बजे।
प्रवेश परीक्षा स्थान–	परीक्षा भवन, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
विस्तृत विवरण–	विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu से रिक्त सीटों एवं अन्य विवरण की जानकारी प्राप्त करें।

कुलसचिव

संदर्भः— पीएच.डी. पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा के विज्ञापन क्रमांक अकादमिक/पीएच.डी.पंजी./2013/17907 दिनांक 26/12/2013 पीएच.डी. पाठ्यक्रम हेतु संशोधित रिक्त सीटों की जानकारी।

क्रमांक	विषय	रिक्त सीटों की जानकारी
01	हिन्दी	240
02	अंग्रेजी	110
03	दर्शन शास्त्र	13
04	प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व	22
05	इतिहास	62
06	अर्थशास्त्र	100
07	राजनीति विज्ञान	135
08	भूगोल	65
09	समाज शास्त्र	93
10	गणित	30
11	विधि (लॉ)	10
12	वनस्पति विज्ञान	18
13	पर्यावरण विज्ञान	06
14	प्राणिकी	30
15	प्रबंध	100
16	वाणिज्य	70
17	शिक्षा	06
18	जैव रसायन	14
19	जैव तकनीकि	10
20	रसायन	20
21	कम्प्यूटर विज्ञान	02
22	भूविज्ञान	15
23	चित्रकला	25
24	संस्कृत	58
25	भौतिक विज्ञान	24
26	शारीरिक शिक्षा	03
27	न्यूरो साइंस	06
28	सैन्य विज्ञान	48
29	मनोविज्ञान	10
30	पुस्तकालय विज्ञान	35
31	गृह विज्ञान	42
32	पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध	10
33	माइक्रो बायोलॉजी	10
34	चिकित्सा	02
35	संगीत	14
36	मेडिकल बायोकेमिस्ट्री	06

नोटः— शिक्षकों की उपलब्धता के आधार पर सीटों की संख्या घटाई/बढ़ाई जा सकती है।